**भारत सरकार**

**खान मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5321**

**दिनांक 05.04.2023 को उत्तर देने के लिए**

## खनिज उत्पादन सूचकांक

**† 5321. श्री जी. सेल्वम:**

**श्री धनुष एम.कुमार:**

**श्री सी.एन. अन्नादुरई:**

**श्रीमती मंजुलता मंडल:**

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान खनन क्षेत्र के खनिज उत्पादन सूचकांक का प्रतिशत क्या रहा है;

(ख) क्या दिसम्बर, 2022 के लिए खनन और उत्खनन क्षेत्र में खनिज उत्पादन का सूचकांक दिसम्बर, 2021 के स्तर की तुलना में अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस स्तर को पूरा करने के लिए सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है;

(ग) देश में खनिज उत्पादन करने वाले राज्यों के नामों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने आगामी वर्ष के लिए खनिज उत्पादन के अनुमानित मूल्य का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री**

**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

(क) और (ख) : वर्ष 2019-20 से 2021-22 और 2022-23 (दिसंबर 2022 तक) के दौरान खनिज उत्पादन सूचकांक और वर्ष 2019-20 की तुलना में 2021-22 में प्रतिशत परिवर्तन अनुबंध-I में दिया गया है। दिसम्बर, 2022 माह में सभी खनिजों का खनिज उत्पादन सूचकांक दिसम्बर, 2021 माह की तुलना में 9.8 प्रतिशत अधिक है। इसका ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है। उपर्युक्त अवधि के दौरान खनिज संरक्षण एवं विकास नियम (एमसीडीआर) 2017 की सीमा के तहत खनिजों के उत्पादन में 17.4 प्रतिशत वृद्धि हुई है। यह वृद्धि वर्ष 2015 और 2021 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में किए गए संशोधन द्वारा खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों, जिनका उद्देश्य खनिजों के उत्पादन में वृद्धि करना और खानों का समयबद्ध प्रचालन, पट्टेदार बदलने के बाद भी खनन प्रचालनों में निरंतरता बनाए रखना और खनिज संसाधनों के गवेषण और नीलामी की गति बढ़ाना था, के परिणामस्वरूप हुई है।

(ग): एमसीडीआर खनिजों का उत्पादन करने वाले राज्यों के नाम अनुबंध-III में दिए गए हैं।

(घ) और (ङ): राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमानों के भाग के रूप में खनन और उत्खनन सहित क्षेत्रों का सकल वर्धित मूल्य सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। अलग से कोई सर्वेक्षण नहीं कराया जाता है।

*****

**अनुबंध-I**

'खनिज उत्पादन सूचकांक' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.04.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5321 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

वर्ष 2019-20 से 2021-22 एवं 2022-23 के दौरान खनिज उत्पादन सूचकांक ब्यौरा:

| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | वर्ष 2019-20 की तुलना में 2021-22 में % परिवर्तन | वर्ष 2022-23 (दिसंबर तक) (अ) |
|---|---|---|---|---|---|
| **सभी खनिज** | **109.6** | **101.0** | **113.3** | **3.4** | **113.2** |
| ईंधन खनिज | 99.6 | 95.5 | 102.6 | 3.0 | 104.8 |
| कोयला खनन | 134.6 | 131.4 | 143.5 | 6.6 | 148.8 |
| पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस | 75.4 | 70.7 | 74.4 | -1.3 | 74.5 |
| एमसीडीआर 2017 के तहत खनिज | 139.7 | 117.6 | 145.5 | 4.2 | 138.4 |
| धात्विक | 141.3 | 117.7 | 146.8 | 3.9 | 138.9 |
| अधात्विक | 120.9 | 117.4 | 130.1 | 7.6 | 133.3 |

(अ) : अनंतिम

एमसीडीआर: खनिज संरक्षण और विकास नियम

**अनुबंध–II**

'खनिज उत्पादन सूचकांक' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.04.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5321 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II

दिसम्बर 2022 की तुलना में दिसम्बर 2021 में खनिज उत्पादन सूचकांक का ब्यौरा :

| | दिसम्बर 2021 | दिसम्बर 2022 | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| **सभी खनिज** | **120.4** | **132.2** | **9.8** |
| ईंधन खनिज | 111.9 | 119.3 | 6.6 |
| कोयला खनन | 164.6 | 182.1 | 10.6 |
| पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस | 75.6 | 75.9 | 0.4 |
| एमसीडीआर 2017 के तहत खनिज | 145.8 | 171.1 | 17.4 |
| धात्विक | 147.6 | 173.3 | 17.4 |
| अधात्विक | 123.4 | 144.1 | 16.8 |

स्रोत: भारतीय खान ब्यूरो

**अनुबंध–III**

'खनिज उत्पादन सूचकांक' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.04.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5321 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II

वर्ष 2022-23 (दिसंबर 2022 तक) के दौरान खनिज उत्पादन करने वाले भारतीय राज्यों का ब्यौरा:

| # | खनिज का नाम | उत्पादक राज्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | बॉक्साइट | छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान |
| 2 | क्रोमाइट | ओडिशा |
| 3 | तांबा सांद्र | मध्य प्रदेश और राजस्थान |
| 4 | तांबा अयस्क | मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड |
| 5 | हीरा | मध्य प्रदेश |
| 6 | पन्ना* | राजस्थान |
| 7 | गार्नेट | राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना |
| 8 | स्वर्ण अयस्क | झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश |
| 9 | प्राथमिक स्वर्ण | कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और झारखंड |
| 10 | सीसा | छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा और तमिलनाडु |
| 11 | जिप्सम | राजस्थान |
| 12 | लौह अयस्क | आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना |
| 13 | सीसा और जस्ता अयस्क | राजस्थान |
| 14 | सीसा सांद्र | राजस्थान |
| 15 | लाइमशेल | कर्नाटक |
| 16 | चूना पत्थर | आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड |
| 17 | मैग्नेसाइट | कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तराखंड |
| 18 | मैंगनीज अयस्क | आंध्र प्रदेश, गोवा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना |
| 19 | चिकनी मिट्टी | गुजरात और तमिलनाडु |
| 20 | मोल्डिंग रेत | छत्तीसगढ |
| 21 | फॉस्फोराइट | मध्य प्रदेश और राजस्थान |
| 22 | रॉक साल्ट | हिमाचल प्रदेश |
| 23 | सिलिसियस मृदा | राजस्थान |
| 24 | सिलिमेनाइट | महाराष्ट्र और मेघालय |
| 25 | चाँदी | झारखंड और कर्नाटक |
| 26 | टिन सांद्र | छत्तीसगढ |
| 27 | वर्मीक्यूलाइट | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडु |
| 28 | वोलैस्टोनाईट | राजस्थान |
| 29 | जिंक सांद्र | राजस्थान |

स्रोतः एमसीडीआर विवरणी;

* शून्य विवरणी प्रस्तुत की गयी है। इसलिए, खनिज का नाम सूचीबद्ध है, यद्यपि कोई उत्पादन रिपोर्ट नहीं की गई है।